...पालवाल, माननीय महापौर, नगर निगम देहरादून की अध्यक्षता में दिनांक 26.08.2025...

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

### अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EOI)

नगर निगम देहरादून क्षेत्रान्तर्गत निर्मित निम्न पार्कों के रख–रखाव व संचालन हेतु दक्ष, अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों (राज्य अथवा केन्द्र सरकार के शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग में पंजीकृत/एन0जी0ओ0 व अन्य संस्था जिनको होर्टीकल्चर व पार्क रख रखाव व संचालन का देहरादून व राज्य अंतर्गत अन्य स्थानों का अनुभव हो, की अभिव्यक्ति की अभिरूचि EOI दि0 24.11.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–
1) यमुना कालोनी में स्थित पार्क (सामुदायिक केन्द्र के सामने), 2) केदारपुरम योगा पार्क, 3) रजत जयंती पार्क, निकट आई0टी0 पार्क पॉलीटैक्निक रोड़, 4) इंदिरा नगर पार्क (निकट श्री चैतन्य पब्लिक स्कूल), 5) राजीव पार्क, ए–ब्लाक नेहरू कालोनी।

सम्बन्धित कार्य में दक्ष फर्मों को इस हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तो की जानकारी नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com से डाउनलोड कर सकते है। अभिव्यक्ति की अभिरूचि_EOI आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निविदा की जायेगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम प्लेज करना होगा। निविदा निर्माण अनुभाग में स्वयं अथवा डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जा सकती है। डाक व्यवस्था से हुए विलम्ब हेतु नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम देहरादून

पत्रांक –823/सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/2025–26 दिनांकः– 11.11.2025

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. सम्पादक हिन्दुस्तान/पाईनियर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर छूट देते हुए प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्य की निविदा संबंधित समस्त विवरण नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नोटिस बोर्ड, नगर निगम देहरादून पर चस्पा करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता,
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with OKEN Scanner